हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 8 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 विधिक जागरूकता शिविर में छात्राओं ...


12 स्कूलों की मरम्मत कराने नपा अध्यक्ष ने कलेक्टर...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
08 अगस्त 2026
कूपन नं.
11

# जिले के सरकारी कार्यालयों से प्रीपेड बिजली व्यवस्था शुरू

## आयुष और परिवहन विभाग ने कराया पहला रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में विद्युत व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। बिजली विभाग द्वारा शासकीय कार्यालयों में डिजिटल प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने और प्रीपेड बिजली भुगतान प्रणाली की शुरुआत कर दी गई है।

इसी कड़ी में आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद अस्पताल कसडोल और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपने-अपने बिजली खातों को अग्रिम (प्रीपेड) रिचार्ज कराकर इस नई व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया है।



### पारदर्शिता और ऊर्जा संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

पारदर्शिता और ऊर्जा संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा- बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस प्रणाली के लागू होने से न केवल बिजली बिलों के समय पर भुगतान की समस्या खत्म होगी, बल्कि विभाग अपने बिजली खर्च और खपत की रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी कर सकेंगे। रिचार्ज की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और बहुत सरल है जिससे कागजी कार्रवाई में लगने वाले समय की बचत होगी।सटीक खपत प्रबंधन प्रीपेड व्यवस्था से शासकीय विभागों को अपनी बजट योजना और बिजली की खपत को नियंत्रित रखने में आसानी होगी।



कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के जिला कार्यालय में प्रीपेड बिलिंग हेतु स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही तेज कर दी है। अधिकारियों ने बताया क्रं शासन के निर्देशानुसार प्री -पेड रिचार्ज की प्रक्रियानुसार तिमाही आधार पर तय की गई है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करेगा क्रं समस्त विद्युत कनेक्शन की प्री पेड की प्रक्रिया उसे केंद्रीयकृत या जिलेवार अथवा डीडीओ वार रखना है। रिचार्ज सम्बंधित विस्तृत जानकारी मोर बिजली एप एवं सीएसपीडीसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। किसी भी ग्रुप के रिचार्ज राशि का तीन महीने के समाप्ति के निकट पहुंचने पर ▸▸ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा की परिचयात्मक बैठक आज

**भाटापारा।** जिला भाजपा अल्पसंख्यक विभाग की परिचयात्मक बैठक 8 अगस्त को दोपहर 1 बजे भाटापारा भाजपा कार्यालय में होगी। असमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कोरसमिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर खान, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव एवं अल्पसंख्यक विभाग के जिला प्रभारी सिकंदर खान का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष मनेंद्र सिंह गुंबर, महामंत्री सबा खान एवं अमित दास ने जिले के समस्त अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।



### जिले में अब तक 701.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार** । जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 7 अगस्त 2026 तक 701.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 984 मिमी, बलौदाबाजार में 828.4 मिमी, पलारी में 727.7 मिमी, सोनाखान 653.4 मिमी., लवन में 652.3 मिमी, सुहेला 645.6 मिमी, कसडोल 615.3 मिमी, सिमगा में 608.4 मिमी एवं भाटापारा में 601.4 मिमी, वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 6316.5 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 701.8 मिमी है।

### व्हाट्सएप से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** जिले में जुआ-सट्टा और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा-पट्टी संचालित करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टेबाजी में प्रयुक्त मोबाइल फोन, डिजिटल साक्ष्य और नकदी जब्त की है।पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत 6 अगस्त को दोपहर करीब 12.15 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि सर्किट हाउस के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बैठकर मोबाइल के जरिए सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भागवत साहू 40, निवासी ग्राम रवान, थाना सिटी कोतवाली बताया। पुलिस द्वारा मोबाइल की जांच करने पर व्हाट्सएप चैट के माध्यम से सट्टा अंकों का लेन-देन और हिसाब-किताब मिला। आरोपी के कब्जे से ओप्पो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन, सट्टा संबंधी डिजिटल स्क्रीनशॉट तथा 1,020 रुपये नकद जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध जुआ, सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## बिना सहमति राइस मिल निर्माण का आरोप, सिंचाई व्यवस्था पर मंडराया संकट

# बछेरा में प्रस्तावित राइस मिल का ग्रामीणों ने किया विरोध, एनओसी निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम बछेरा में प्रस्तावित दो राइस मिलों की स्थापना का विरोध करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक इंद्र साव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिंकू भाटिया के नेतृत्व में एसडीएम सिमगा अतुल शैटे को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को तत्काल निरस्त करने की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत बछेरा द्वारा दो राइस मिलों की स्थापना के लिए एनओसी जारी किया गया है, जबकि इस संबंध में ग्रामसभा की विधिवत बैठक आयोजित नहीं की गई और न ही पंचायत प्रस्ताव की आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों की भावनाओं और उनके न्यायोचित अधिकारों के साथ मजबूती से खड़ी है। प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर ग्रामीणों की मांगों पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए, अन्यथा व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, जनपद पंचायत सदस्य सुरेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री विक्की मानिकपुरी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव यश शर्मा, विक्की पाण्डे, दिनेश साहू, प्रभु साहू, संतोष, फेकन साहू, रविशंकर ध्रुव, जित्तु भट्ट, महेश गोस्वामी, खिलेश्वर साहू, श्यामसुंदर, टेकराम, देव चरण, लेखराज, बिहारी, विक्की ठाकुर, गंगाधर, जागेश्वर, पलटन, पिलूराम, सदाराम, मंतराम, समीर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ग्रामसभा की सहमति के बिना विकास कार्य स्वीकार नहीं: सुनील माहेश्वरी

#### आंदोलन की दी चेतावनी

साथ ही राइस मिल स्थापित होने से गांव का शांतिपूर्ण वातावरण प्रभावित हो सकता है उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर ग्राम पंचायत द्वारा जारी एनओसी को तत्काल निरस्त करने तथा नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणो ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



#### नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई हो: इंद्र साव

मौके पर उपस्थित विधायक इंद्र साव ने कहा कि किसानों के हितों और गांव की मूलभूत सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि नियमों की अनदेखी कर अनुमति दी गई है तो उसे निरस्त कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि ग्रामसभा की सहमति के बिना किसी भी विकास कार्य को आगे बढ़ाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायत राज की भावना के विपरीत है। किसानों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

#### 400 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई प्रभावित होने की आशंका

उनका आरोप है कि बिना ग्रामीणों की सहमति और नियमों का पालन किए यह अनुमति प्रदान की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि राइस मिल निर्माण के लिए कृषि भूमि की समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे सिंचाई नहर प्रभावित होने की आशंका है। यदि नहर बाधित हुई तो लगभग 400 एकड़ कृषि भूमि तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पाएगा, जिससे सैकड़ों किसानों की खेती प्रभावित होगी और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

# हसुवा स्कूल में जांच के नाम पर खानापूर्ति ग्रामीणों ने नहीं किए बयानों पर दस्तखत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी



खबर का असर

कसडोल विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसुवा में शिक्षकों की कथित मनमानी, समय से पहले छुट्टी, पालकों की उपेक्षा और शाला प्रबंधन समिति में अनियमितताओं को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया।

- जांच के दौरान भी उठे गंभीर सवाल, पहले से तैयार मिले कथन

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव के नेतृत्व में जांच टीम विद्यालय पहुंची, लेकिन जांच के दौरान सामने आए घटनाक्रम ने पूरी प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों, पालकों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य एवं कुछ शिक्षकों ने जांच शुरू होने से पहले ही अपने पक्ष में कथन तैयार कर रखे थे। आरोप है कि इन तैयार दस्तावेजों पर ग्रामीणों, पालकों और जनप्रतिनिधियों से हस्ताक्षर कराकर स्वयं को दोषमुक्त साबित करने का प्रयास किया गया। जब इन ▸▸ शेष पेज 12 पर

#### समझाइश दी गई

हसुवा स्कूल पहुंचे थे जांच में, कमियां पाई गई है, सुधारने के लिए समझाईस दी गई है।

-अरविन्द ध्रुव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कसडोल

# 8 महीने में उखड़ी सड़क अब मलबे से ढंका जा रहा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा-नेवरा

नगर पालिका तिल्दा-नेवरा एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शहर की जर्जर सड़कों को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद पालिका ने गड्ढों की स्थायी मरम्मत कराने के बजाय उन पर ईंट, पत्थर, मुरम और निर्माण मलबा डालकर खानापूर्ति शुरू कर दी है। इस कार्रवाई की शहरभर में चर्चा है और लोग इसे अनियमितता पर पर्दा डालने की कोशिश बता रहे हैं।

- डामर की जगह ईंट-पत्थर और मुरम से भरे गए गड्ढे

शहरवासियों का कहना है कि पहले सीमेंट सड़क बनाई गई, उसके ऊपर डामर की परत चढ़ाई गई और अब जब पहली ही बारिश में डामर उखड़ गया तो गड्ढों को मलबे से भर दिया गया। लोगों का सवाल है कि क्या यही नगर पालिका की सड़क मरम्मत की नई तकनीक है।

सबसे बड़ा सवाल इस सड़क की गुणवत्ता पर भी उठ रहा है। जिस सड़क पर आज गड्ढों की भरमार है, उसका निर्माण महज आठ से नौ महीने पहले किया गया था। पहली ही बारिश में डामर उखड़ गया, कई जगह गिट्टी बाहर आ गई और सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए। अब स्थायी मरम्मत की जगह मलबा डालकर काम चलाया जा रहा है।

शहरवासियों का कहना है कि सड़क को सुंदर बनाने का दावा करने वाली नगर पालिका अब खुद सड़कों पर निर्माण मलबा डालकर शहर की सुंदरता बिगाड़ रही है। कई स्थानों पर लोगों ने अपनी जेब से सीमेंट, गिट्टी और रेत खरीदकर घरों और दुकानों के सामने सड़क की मरम्मत कराई, लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से वहां भी दोबारा गड्ढे बन गए।

कांग्रेस पार्षद किरण बाला ने कहा कि नगर पालिका को खानापूर्ति छोड़कर सड़क की तकनीकी और स्थायी मरम्मत करानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब तक जल निकासी की व्यवस्था नहीं सुधरेगी, तब तक सड़कें बार-बार टूटती रहेंगी और जनता को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

#### पहली बारिश में फिर खुल जाएगी पोल

नागरिकों का कहना है कि पिछले तीन-चार दिनों से बारिश रुकी हुई है, इसलिए फिलहाल मलबा गड्ढों में दिखाई दे रहा है। लेकिन जैसे ही बारिश शुरू होगी, यही मुरम और मिट्टी कीचड़ में बदल जाएगी, गड्ढे फिर से सामने आ जाएंगे और लोगों की परेशानी जस की तस बनी रहेगी। इसके बावजूद सड़क मरम्मत के नाम पर सरकारी राशि खर्च होने का दावा कर दिया जाएगा।

# रेलवे ने बगैर टिकट यात्रा करने वाले 191 यात्रियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अ भि या न चलाया गया। इसमें भाटापारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 14 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 287 मामलों को दर्ज कर 2,45,835 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया।

- अलग-अलग प्रकरण में रेलवे को मिला सवा दो लाख से अधिक का राजस्व



किलाबंदी टिकट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 191 यात्री पकड़े गए, जिससे 181,540 राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 72 यात्रियों से 58695 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 22 यात्रियों से 2600 रूपये, ▸▸ शेष पेज 12 पर

# महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त महिलाओं के खातों में अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को महतारी वंदन योजना की 30वीं किश्त की राशि प्रदेश की लाखों महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की। योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली आर्थिक सहायता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम गुडेलिया निवासी पुष्पा यादव भी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि योजना प्रारंभ होने के बाद उन्होंने आवेदन किया था और तब से प्रत्येक माह समय पर उनके बैंक खाते में एक हजार की राशि प्राप्त हो रही है। इस नि य मि त सहायता से वे अ प नी आवश्यकताओं के साथ-साथ परिवार के छोटे-छोटे खर्च भी आसानी से पूरा कर पा रही हैं।

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रक्षाबंधन पर्व से पहले महिलाओं को दिया उपहार
- पुष्पा यादव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार

पुष्पा यादव ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन से पहले 30वीं किश्त की राशि मिलने से उनकी खुशी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस राशि से वे अपने भाई के लिए राखी और उपहार खरीदेंगी तथा पूरे परिवार के साथ हर्षोल्लास से रक्षाबंधन का पर्व मनाएंगी। उनके अनुसार समय पर मिली यह राशि त्योहार की तैयारियों में बहुत सहायक साबित हुई है।

उन्होंने कहा, रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का पर्व है। इस ▸▸ शेष पेज 12 पर

## बरसात और ठंड में छोटे बच्चों की सुरक्षा व पढ़ाई हो रही प्रभावित

# छात्रावास के स्कूल भवन पर अन्य विभाग का कब्जा, 4 किमी पैदल स्कूल जाने बच्चे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| संडी बंगला

पलारी विकासखंड के प्री-मेट्रिक छात्रावास से लगे शासकीय स्कूल भवन पर दूसरे विभाग के कब्जे का मामला सामने आया है। आरोप है कि छात्रावास के बच्चों के लिए आरक्षित इस भवन का लंबे समय से उपयोग अन्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिससे छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार, छात्रावास में निवासरत कक्षा 6वीं से 8वीं तक के करीब 35 से 40 विद्यार्थियों को प्रतिदिन लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित दूसरे विद्यालय तक पैदल जाना पड़ता है। बरसात और ठंड के मौसम में छोटे-छोटे बच्चों को कठिन परिस्थितियों में स्कूल पहुंचना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों और पालकों का कहना है कि इस संबंध में कई बार प्रशासन के समक्ष मौखिक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक भवन को खाली कराने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनका आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा मासूम विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों और पालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि छात्रावास से लगे स्कूल भवन को तत्काल कब्जे से मुक्त कर छात्रावास को सौंपा जाए, जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक बच्चों के लिए वैकल्पिक परिवहन या निकट में अस्थायी शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तथा पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

#### पर्याप्त कक्षाओं के लिए स्थान उपलब्ध नहीं

पलारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने कहा कि वहाँ स्कूल संचालित हो सके ऐसे पर्याप्त कक्षाएं उपलब्ध नहीं है और न ही पर्याप्त व्यवस्था है। हमारे पलारी में छात्रों की संख्या अधिक है। स्कूलों में क्लास रूम की कमी है। पढ़ाई सुचारू रूप से हो सके, इसके लिए जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया हैं।

# रेलवे ने किया आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली का विस्तार, भाटापारा-हथबंद सेक्शन में शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



भाटापारा–हथबंद रेलखंड में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली सफलतापूर्वक प्रारंभ की गई है। इस तकनीकी उन्नयन से इस व्यस्त रेलखंड की संचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा ट्रेनों का संचालन पहले की अपेक्षा अधिक सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध हो गया है।

पूर्व में इस सेक्शन में इंटरमीडिएट ब्लॉक प्रणाली कार्यरत थी, ऑटोमेटिक सिग्नलिंग लागू होने के बाद अब इस सेक्शन में एक समय में अधिकतम ट्रेनों का संचालन संभव हो गया है। अर्थात बिना ट्रैक में किसी प्रकार का भौतिक परिवर्तन किए इस सेक्शन की क्षमता में वृद्धि हुई है।

इंटरमीडिएट ब्लॉक प्रणाली में प्रत्येक ट्रेन के संचालन के लिए दोनों स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों को उपलब्ध संचार माध्यम के जरिए आपस में संपर्क स्थापित कर लाइन क्लियर लेना एवं देना पड़ता था। इसके पश्चात निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सिग्नल दिए जाते थे। वहीं, ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली में लाइन क्लियर लेने एवं देने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। इस प्रणाली में सिग्नल ट्रैक सर्किट अथवा एक्सल काउंटर के माध्यम से ट्रैक की वास्तविक स्थिति के अनुसार स्वतः संचालित होते हैं। परिणामस्वरूप ट्रेनों का परिचालन अधिक सुचारु बनता है तथा विलंब की संभावना में उल्लेखनीय कमी आती है। साथ ही, अधिक ट्रेनों का सुरक्षित एवं तीव्र संचालन संभव हो पाता है।

## तिल्दा-नेवरा में 7 प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग



**तिल्दा-नेवरा।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख औद्योगिक नगर और बेमेतरा-कबीरधाम जिले के सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन तिल्दा-नेवरा में लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य दीपक शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा को पत्र भेजकर 7 महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग की है।दीपक शर्मा ने बताया कि तिल्दा प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र और लाखों यात्रियों का प्रमुख केंद्र होने के बावजूद यहां 500 किमी से अधिक दूरी की केवल 16 ट्रेनें ही रुकती हैं। बिलासपुर और रायपुर जैसे बड़े मंडलों के बीच स्थित होने के बाद भी स्टेशन की उपेक्षा की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और श्रमिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ **रहा है।इन ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई**:12251/12252 वेनगंगा एक्सप्रेस, 12849/12850 बिलासपुर–पुणे एक्सप्रेस, 15231/15232 बरौनी–गोंदिया एक्सप्रेस,20843/20844 बिलासपुर–भगत की कोठी एक्सप्रेस, 18201/18202 दुर्ग–नवतनवा एक्सप्रेस, 12823/12824 छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस और 22647/22648 कोरबा–तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस शामिल हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और रेल मंत्रालय से जनहित में जल्द से जल्द इन ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप



### बोल बम के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

**बगबुडा।** सावन माह पर क्षेत्र में बोल बम कांवरियों की आस्था और उत्साह देखते ही बना। बोल बम, हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के बीच श्रद्धालु कांवरियों ने पवित्र जल लेकर शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु कांवर यात्रा में शामिल हुए। पूरी यात्रा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के समुचित इंतजाम किए गए, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें भारत साहू, मनहरण साहू, परश साहू, देव प्रकाश साहू, भोला साहू, मेहुल साहू, नेमीचंद साहू, दुर्गश साहू, चेतन साहू, खिलेश साहू, जयप्रकाश साहू, पोवन साहू, बादल साहू, छोटू साहू, कोमल साहू, आशिस साहू, अजय यादव, शंकर यादव, करण साहू, टिकम साहू बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 4 भैंसों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सिमगा। तोरण साहू निवासी ग्राम चौरेगा द्वारा 20 मई को अपनी 4 भैंसों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सूचना मिली थी कि उक्त चोरी की 04 नग भैंसों को आरोपी




नितेश भवारिया, शाहरूख खान, मो. शरीफ एवं मो. मुबाशीर शेख द्वारा पिकअप वाहन में भरकर नागपुर ले जाया जा रहा था, जिन्हें थाना लालबाग जिला राजनांदगांव पुलिस द्वारा पकड़ा गया था। वहां आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जप्त मवेशियों को गौशाला सुपुर्द किया गया था तथा न्यायालय के आदेशानुसार मवेशियों को उनके मूल मालिक को सुपुर्दनामा पर सौंपा गया। मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी मो. मुबाशीर शेख निवासी नागपुर के मेमोरेंडम कथन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर ग्राम किरवई निवासी राकेश का नाम सामने आया, जिसे नागपुर के तस्करों ने मवेशी बेचने के लिए संपर्क कर बुलाया था।

## दो विद्यालयों के मरम्मत कार्य को मिलेगी गति

# स्कूलों की मरम्मत कराने नपा अध्यक्ष ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत में विद्यालयों की व्यवस्था एवं भवनों की स्थिति सुधारने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने पहल करते हुए बलौदाबाजार कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर के विद्यालयों में सामने आ रही भवन संबंधी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराते हुए आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य कराए जाने की मांग रखी।

दरअसल, कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा सहित पार्षदगण ने नगर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का संयुक्त निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालय भवनों में कक्षों की छत एवं दीवारों में सीलन, बरसात के दौरान पानी का भराव तथा शौचालयों की जर्जर स्थिति सहित अन्य आवश्यक समस्याएं सामने आई थीं। इन समस्याओं के कारण विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी एवं विद्यालयों में सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण की आवश्यकता को देखते हुए मामले को गंभीरता से लिया गया।

इसी तारतम्य में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात कर शासकीय प्राथमिक कन्या शाला पलारी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवीन के भवनों की मरम्मत एवं संधारण कार्य की आवश्यकता से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए दोनों विद्यालयों में आवश्यक कार्य शीघ्र कराए जाने का आग्रह किया।

अध्यक्ष के आग्रह पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सकारात्मक पहल करते हुए दोनों विद्यालयों के मरम्मत एवं संधारण कार्य के लिए आवश्यक स्टीमेट एवं प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश से विद्यालयों के आवश्यक मरम्मत कार्य को गति मिलने की उम्मीद है। इससे विद्यार्थियों को बरसात सहित अन्य मौसम में सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। मुलाकात के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने 17 अगस्त को सिद्धेश्वर मंदिर में आयोजित होने वाली भव्य महाआरती एवं जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा को सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी के उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा एवं पार्षद लेखु वर्मा उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय कुश्ती स्पर्धा में जिले के लिए 40 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी,अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विकासखंड स्तरीय बालक एवं बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संयोजक खरोरा स्कूल था। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी एवं कांशी रात्रे द्वारा आयोजन उत्कृष्ट ढंग से किया गया।

प्रतियोगिता में विकासखंड तिल्दा के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 120 बालक एवं बालिका पहलवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 40 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया।

इस प्रतियोगिता में खरोरा, कनकी, रायखेड़ा, खपरीकला, सरोरा एवं किरना सहित विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हुए। सभी विद्यालयों के व्यायाम शिक्षक अपने-अपने खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक (कोच) के रूप में उपस्थित थे। प्रमुख रूप से पंचराम कौशिक किरना, पुष्कर साहू कनकी, गीतांजलि मरकाम रायखेड़ा, अंजली देवदास खपरीकला एवं नीतू देवदास सरोरा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं नगर पंचायत खरोरा के उपाध्यक्ष सुमित सेन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, संघर्ष और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। प्रत्येक खिलाड़ी पूरे समर्पण और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें तथा जिला एवं राज्य स्तर पर विद्यालय, विकासखंड और क्षेत्र का नाम रोशन करें।नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत खेल का अभिन्न हिस्सा है। सच्चा खिलाड़ी वही होता है जो हर चुनौती का साहसपूर्वक सामना करे और निरंतर अभ्यास के माध्यम से स्वयं को बेहतर बनाए। सभी प्रतिभागी अपने प्रदर्शन पर गर्व करें और आगे भी खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करें।

प्राचार्य रजनी मिंज ने सभी प्रतिभागियों, चयनित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। आयोजन की सफलता में सभी व्यायाम शिक्षकों, विद्यालय परिवार एवं सहयोगी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# शंकरनगर स्कूल में 100 पौधों का रोपण

सिमगा। शासन की पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला शंकरनगर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 100 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद प्रियंका तिवारी, सचिन जैन, पीताम्बर सोनकर, विष्णु जायसवाल, परदेशी सोनकर, एल्डरमेन अभिजीत अवस्थी, राजेश सिंह, परस पाटकर, पार्षद प्रतिनिधि माया सलूजा, अनुप तिवारी सहित नगरीय निकाय संयुक्त संचालक एसके सुंदरानी, सीएमओ शशिभूषण श्रीवास्तव, बीईओ संजय श्रीवास्तव, एबीईओ सी.एस. ध्रुव, इंजीनियर कोकिला प्रधान, सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि करणपाल भाटिया, विद्यालय के प्रधान पाठक संतोष शर्मा, शिक्षकगण प्रतीश तंबोली, पुष्पा पैकरा एवं रश्मि यादव सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं और नगर पालिका कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया ।



# होटल, ढाबों और चखना सेंटरों पर पुलिस की छापेमारी

**बलौदाबाजार।** जिले में अवैध शराब गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने होटल, ढाबा, ठेला एवं अवैध चखना सेंटर संचालकों के विरुद्ध छापामार कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 6 अगस्त को थाना राजादेवरी, सिटी कोतवाली, सिमगा एवं सहायता केंद्र निपनिया पुलिस की संयुक्त टीम ने आकस्मिक जांच अभियान चलाया।



कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे स्थित होटल, ढाबा और ठेलों में लोगों को शराब पीने एवं बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने, अवैध रूप से चखना सेंटर संचालित करने तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के मामलों में कुल छह आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार जिले में अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा तथा शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने होटल, ढाबा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को नियमों का पालन करने तथा परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित नहीं होने देने की हिदायत भी दी है।

कार्रवाई में अर्जुन केवट मोपका, शोभा दिवाकर अडबंधा, गोवर्धन केवट करही, जिला बेमेतरा, रंजित कुर्रे पड़कीडीह, साहब पटेल एवं मोहन चौधरी दोनों निवासी चांदन के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पेज 13 के शेष

### जिले के सरकारी ...

पंजीकृत मोबाइल नंबर पर रिचार्ज करने हेतु एसएमएस या व्हाट्सएप द्वारा अनुस्मरण प्रेषित किया किया जायेगा। विभागों द्वारा प्रीपेड रिचार्ज कराने से जिले में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। आयुष एवं पशुपालन विभाग की यह पहल अन्य विभागों और आम उपभोक्ताओं को भी डिजिटल प्रीपेड व्यवस्था अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

### हसुवा स्कूल में ...

दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने की कोशिश की गई तो ग्राम पंचायत हसुवा की सरपंच रितु केशरवानी, पूर्व सरपंच गोरेलाल साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू, पंच रवि साहू तथा शिक्षाविद दामोदर साहू ने कथित रूप से हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। वहीं मनीराम साहू और राजू साहू ने हस्ताक्षर किए। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के दौरान भी विद्यालय में लंबे समय से उठ रहे मुद्दों की गहराई से पड़ताल नहीं की गई। उनका आरोप है कि जांच टीम कई बिंदुओं पर केवल औपचारिकता निभाती नजर आई, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पालकों का कहना है कि विद्यालय में समय से पहले छुट्टी, पालकों की नियमित बैठक नहीं होना, शाला प्रबंधन समिति के गठन में कथित अनियमितता, साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा जैसे मामलों की शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले वर्ष भी विद्यालय में निर्धारित समय से पहले छुट्टी किए जाने का मामला सामने आया था। उस समय भी शिक्षा विभाग की जांच टीम पहुंची थी, लेकिन कार्रवाई केवल जांच तक सीमित रह गई। यही कारण है कि इस बार भी ग्रामीणों और पालकों में जांच को लेकर संशय बना हुआ है। ग्रामीणों, पालकों और जनप्रतिनिधियों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इस बार भी शिकायतों को नजरअंदाज किया गया और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा अधिकारी के. एस. मरावी ने पूर्व में कहा था, /"यह जांच का विषय है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।/" अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और शिक्षा विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या इस बार वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी पहले की तरह केवल जांच तक सीमित रह जाएगा।

### महतारी वंदन योजना ...

पावन अवसर से पहले महतारी वंदन योजना की राशि मिलना हमारे लिए किसी उपहार से कम नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश की माताओं और बहनों का जिस संवेदनशीलता के साथ ध्यान रख रहे हैं, उसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। महतारी वंदन योजना ने हमें आर्थिक संबल देने के साथ आत्मविश्वास भी दिया है।

### रेलवे ने बगैर...

गंदगी फ़ैलाने वाले 01 केस से 1000 रूपये, धूम्रपान के 01 मामले में 2000 राजस्व प्राप्त हुआ । इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था। इस टिकट चेकिंग अभियान का संचालन सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद द्वारा एवं मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक एजेना, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक-टिकट चेकिंग अविजित डे सहित 17 टिकट चेकिंग स्टाफ, 03 आरपीएफ स्टाफ शामिल रहे। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाते पाए जाने पर 1000 रूपये से 5000 रूपये तक जुर्माना अथवा 06 महीने का कारावास का प्रावधान है।

# बिलाड़ी में मनाया गया विश्व स्तनपान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



समीपस्थ ग्राम बिलाड़ी में गत दिवस विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। यह हर वर्ष महिला बाल विकास विभाग द्वारा 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य स्तनपान के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करना है, जिसमें सेक्टर सुपरवाइजर मियंका तिवारी ने कहा कि मां का दुध नवजात शिशु के लिए सबसे उत्तम और संपूर्ण आहार होता है। इससे शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। स्तनपान शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है। यह मां और शिशु के बीच प्रेम तथा भावनात्मक संबंध को मजबूत बनाता है। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न स्थानों पर जागरूकता रैलियां और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें हर घर मुनगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्लांटेशन किया गया तथा गर्भवती, शिशुवती महिलाओं के यहां वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य उत्तरा रामजी निषाद, सरपंच दुलौरीन गौरसिंग ध्रुव, सचिव अश्वनी यदु ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुभद्रा निषाद, भागवती वर्मा, नंदिनी कन्नौजे, सहायिका चैती यदु, परागा साहू, कौशिल्या कुर्रे, एवं समुह की महिलाएं, गर्भवती, शिशुवती स्कुल के शिक्षिकाएं तथा ग्राम के अन्य महिलाएं शामिल हुए।

# बच्चों ने प्रकृति और राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

**बलौदाबाजार।** अंबुजा विद्या पीठ, रवान में प्राथमिक विभाग के कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना और मंच संचालन की झिझक दूर करना था। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनमें आत्मविश्वास का संचार करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रतियोगिता में कक्षा पहली के विद्यार्थियों के लिए 'नेशनल हीरो' तथा कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों के लिए 'नेचर' थीम निर्धारित की गई थी। पहली कक्षा के बच्चों ने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और रानी लक्ष्मीबाई सहित महान स्वतंत्रता सेनानियों का रूप धारण कर देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। वहीं दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने पेड़, फूल, नदी और विभिन्न जीव-जंतुओं का रूप धारण कर पर्यावरण संरक्षण समाज का संदेश दिया।



## अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट-2026 में विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

# अंबुजा विद्यापीठ विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेजबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान एवं अणुव्रत समिति अंबिकापुर के सहयोग से आयोजित अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट-2026 का अंतर-विद्यालयीन आयोजन अंबुजा विद्यापीठ, रवान में उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय हमारी ताक़त, हमारा परिवार रखा गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में पारिवारिक एकजुटता, नैतिक मूल्यों और संस्कारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

प्रतियोगिता में क्षेत्र के पांच प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर गायन, भाषण, निबंध, कविता एवं चित्रकला जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

अपने संबोधन में डॉ. पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और रचनात्मकता का विकास करना भी है। उन्होंने परिवार को व्यक्ति की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक देवी प्रसाद तिवारी एवं डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया, जबकि आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था वरिष्ठ शिक्षक राजेश साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।प्रतियोगिता के परिणामों में मेजबान अंबुजा विद्यापीठ, रवान का शानदार प्रदर्शन रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एकल गायन, समूह गायन, भाषण, निबंध लेखन, कविता एवं चित्रकला सहित कई विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं डी.डब्ल्यू.पी.एस. के विद्यार्थियों ने भी वरिष्ठ वर्ग की कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्तर पर चयनित विजेता अब राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. विनोद शुक्ला, धनंजय कर्ष, धीरेन्द्र सिन्हा, बप्पादित्य तथा मितेश सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षा का अधिकार संदेश लेकर समुदाय तक पहुंचे नन्हें कदम

**खरोरा।** खुशहाल बचपन परियोजना, कारितास इंडिया के तत्वावधान में पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया द्वारा आओ स्कूल चले हम जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने किया। रैली में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए हर बच्चे का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है तथा हर बच्चा स्कूल जाएगा, तभी देश आगे बढ़ पाएगा जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से अभिभावकों एवं ग्रामीणों को प्रत्येक बच्चे का नियमित विद्यालय में प्रवेश एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालय से वंचित बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संदेश दिया। रैली के दौरान समुदाय को शिक्षा के अधिकार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शत-प्रतिशत नामांकन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन के साथ शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं भारती तांती की सक्रिय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी ने की ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**भटगांव।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ब्लॉकों में नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष सहदेव सिंह सिदार द्वारा जारी आदेश के तहत की गई है। नियुक्त किए गए ब्लॉक अध्यक्ष मेंसारंगढ़ शहर विजय सिदार, सारंगढ़ ग्रामीण दिलेश्वर सिदार, बरमकेला बाबूलाल सिदार, उल्लेखर कोसीर रवि सिदार, बिलाईगढ़ किशोर कुमार सिंह, सरसीवा विजय सिदार, सरिया राजकुमार सिदार शामिल हैं। जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठनात्मक कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने की अपेक्षा जताई है।



### ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सड़कों पर बैठे मवेशी बन रहे दुर्घटनाओं का कारण



**बगबुडा।** ग्रामीण अंचलों एवं शहरों की मुख्य सड़कों पर आवारा मवेशियों के बैठने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रहा है। सड़क के बीचों-बीच बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जिससे हर दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विशेषकर रात्रि के समय और बारिश के मौसम में सड़क पर बैठे मवेशी आसानी से दिखाई नहीं देते, जिसके कारण दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई स्थानों पर छोटे-बड़े हादसे भी हो चुके हैं।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन एवं नगर पंचायत से मांग की है कि आवारा मवेशियों के उचित प्रबंधन की व्यवस्था व गले मे रेडियम की जाए तथा उन्हें गौशालाओं या सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### भोथीडीह में हुआ जल अर्पण व जनजागरूकता का आयोजन



**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश और कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप के मार्गदर्शन में जन जल जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत कोरकोटी एवं आश्रित ग्राम भोथीडीह में ग्राम पंचायत सरपंच यशोदा चौहान, उप सरपंच प्रमिला पटेल एवं पंचगण की उपस्थिति में जन भागीदारी के साथ ग्राम सभा का आयोजन कर, जल अर्पण दिवस एवम्‌ जन जल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत कार्यालय कोरकोटी में किया गया। हैंडपम्प एवं प्रत्येक घर में सोक्ता गड्ढा बनाने और उसके प्रभावी परिणाम एवं ज्यादा  से ज्यादा स्थानीय पेड़ लगाना आदि विषयों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# कांग्रेस की बैठक में बढ़े बिजली बिलों के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी की मासिक बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे की अध्यक्षता में ग्राम संडी के विश्राम गृह में आहूत की गई। सर्व प्रथम शहीद कांग्रेस नेता बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा के जन्म जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे ने कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया की स्मार्ट मीटर लगने के पश्चात उपभोक्ताओं के घर मनमानी बिजली बिल और बेतहाशा बिजली बिल दरों में वृद्धि को लेकर प्रत्येक विधानसभा स्तर पर ब्लॉक एवं मंडल कार्यकारिणी के माध्यम से बूथ वार घर-घर जाकर अगस्त माह तक फॉर्म भरवाए जाने एवं द्वितीय चरण में संकलित सभी फार्मों को जिला मुख्यालय के विद्युत विभाग में जमा कर पावती लेकर संगठन के प्रत्येक इकाई में विरोध प्रदर्शन करने का प्रस्ताव पारित किया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों,संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने,आम जनता से संवाद स्थापित करने तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने व मंडल कांग्रेस गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आपसी समन्वय एवं नियमित जनसंपर्क अभियान चलाने जैसे विषयों पर जोर दिया।

## महेंद्र कर्मा की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर बैठक का हुआ शुभारंभ



### पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा की कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक को रवि बंजारे, युवराज चंद्राकर, अश्वनी वर्मा, शशिकांत वर्मा, रघुनंदन वर्मा, वीरेंद्र महेश्वरी सहित सभी मंडल अध्यक्षों ने भी संबोधित किया व आगामी कार्ययोजना पर अपना अपना मत व सुझाव दिया।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री ऋषि साहू(लल्ला) व आभार प्रदर्शन महामंत्री बिशेषर वर्मा ने किया। बैठक में जनपद सदस्य वीरेंद्र महेश्वरी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, उपाध्यक्ष रोहांसी पीतांबर साहू, ब्लॉक कोषाध्यक्ष फूलचंद घृतलहरे, महामंत्री रामस्वरूप वर्मा, मंडल अध्यक्ष गण रिंकू वर्मा, नोकलाल साहू, बिहारी बाघमार, तोमन चंद्राकर, मोहन ध्रुव, वरिष्ठ कांग्रेसी अश्वनी वर्मा, रघुनंदन वर्मा, लक्ष्मीनाथ साहू, ईश्वर चंद्रवंशी, नारायण साव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की अपील

# भाजपा मंडल कसडोल संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



भाजपा मंडल कसडोल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंडल प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव तथा जिला महामंत्री विजय यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित मासिक बैठकें आयोजित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ समितियों को सक्रिय रखते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि विजय यादव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजकुमार जायसवाल ने संगठन की मजबूती के लिए आपसी समन्वय, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव ने संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों, सह-संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष चन्द्रिका पटेल ने किया। बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता तथा मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## भाजपा की मासिक बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



भाजपा मंडल हथबंद नवापारा की मासिक बैठक ग्राम सकरी स्थित कुर्मी भवन में मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान, समरसता कलश यात्रा एवं बूथ सत्यापन अभियान को संगठन की प्राथमिकता बताते हुए सभी कार्यकर्ताओं से समर्पण और सक्रियता के साथ प्रत्येक कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने एवं पार्टी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी सुनीता वर्मा ने आगामी कार्यक्रमों 'हर घर तिरंगा' अभियान, समरसता कलश यात्रा एवं बूथ सत्यापन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। मंडल सह-प्रभारी चित्ररेखा वर्मा ने संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और बूथ स्तर पर कार्य विस्तार पर अपने विचार रखे कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल महामंत्री भावेश साहू ने किया, जबकि ग्राम पंचायत हथबंद के सरपंच दिनेश वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष केजू राम बघेल, मंडल अध्यक्ष हेमन्त बघमार मन के बात प्रभारी मोहन धीगड़े, महामंत्री ईश्वरी मारखंडे, प्रेमलता वर्मा महामंत्री, विद्या वर्मा मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष डोमार मारखंडे, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष चुरावन वर्मा, धन्ना धनेश्वर निशाद आदि  उपस्थित थे।

## ब्यूटी पार्लर प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को मिले कड़ी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण ले रही युवती के साथ कथित छेड़छाड़ और पीछा करने की घटना पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता टोली सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक मिकी तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जिले में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा मामले के सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

अभिषेक तिवारी ने कहा कि पुलिस इस मामले की गहन जांच करे और यह भी स्पष्ट करे कि आरोपी का ब्यूटी पार्लर में लगातार आना-जाना किन परिस्थितियों में होता था। महिलाओं के लिए संचालित संस्थान में बाहरी व्यक्तियों की पहुंच कैसे बनी, इसकी भी जांच आवश्यक है। यदि जांच में किसी संगठित नेटवर्क, सुनियोजित गतिविधि या अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी बिना किसी दबाव या भेदभाव के सख्त कार्रवाई की जाए।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने जिले की महिलाओं, छात्राओं और अभिभावकों से अपील की है कि छेड़छाड़, पीछा करने या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। संगठन ने यह भी कहा कि यदि इस मामले या इसी प्रकार की अन्य घटनाओं की कोई पीड़िता सामने आना चाहती है तो वह बिना भय के शिकायत दर्ज कराए, क्योंकि कानून के अनुसार उसकी पहचान गोपनीय रखी जाती है।

## किसान ने वैज्ञानिक पद्धति से किया दवा का छिड़काव



**खरोरा।** ग्राम मुड़पार के प्रगतिशील किसान एवं युवा समाजसेवी सुंदरलाल साहू ने अपनी धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए वैज्ञानिक पद्धति से माध्यम से खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव कराया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अच्छी वर्षा होने के कारण खेतों में खरपतवार की समस्या अपेक्षाकृत कम है, फिर भी बेहतर उत्पादन के लिए किसान समय पर खरपतवार नियंत्रण कर रहे हैं।

उन्होंने अपने लगभग 22 एकड़ पुश्तैनी खेत में ड्रोन तकनीक से दवा का छिड़काव कराया। उनके अनुसार इस आधुनिक पद्धति से समय और लागत दोनों की बचत होती है तथा फसल की पैदावार भी बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि यदि किसान वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाएं तो खेती अधिक लाभकारी और सुविधाजनक बन सकती है।

इस अवसर पर लोकनाथ सेन, सनत कुमार वर्मा, प्रेमनाथ वर्मा, कृष्ण कुमार ध्रुव, सूरज कुमार निषाद सहित ग्राम सकरी के प्रगतिशील किसानों ने भी खरपतवार नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर बल दिया। किसानों ने कहा कि ड्रोन के माध्यम से दवा का छिड़काव खेती को नई दिशा देने वाला कदम है।

## गुरु घासीदास विवि की जमीन आवंटन की कथित साजिश पर सतनामी समाज आक्रोशित उग्र आंदोलन की चेतावनी

**गिधौरी।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर की शैक्षणिक भूमि को अग्रवाल समाज को आवंटित करने की कथित साजिश की कड़े शब्दों में निंदा की है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष एल.एल. कोसले ने कहा कि विश्वविद्यालय की जमीन शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए आरक्षित है। यदि इसे किसी व्यक्ति, समाज या संगठन को दिया जाता है तो प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज इसका पुरजोर विरोध करेगा।श्री कोसले ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं राज्य सरकार से मांग की है कि यदि विश्वविद्यालय के पास शैक्षणिक व्यवस्था के अतिरिक्त भूमि उपलब्ध है तो वहां पर गुरु घासीदास इको गार्डन विकसित किया जाए, ताकि यह भूमि पर्यावरण संरक्षण एवं आम जनता के उपयोग में आ सके।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रबंधन इस कृत्य से बाज नहीं आया तो समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले को लेकर वे अतिशीघ्र  मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपेंगे।

# बल्दाकछार में वन महोत्सव, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



वन परिक्षेत्र बल्दाकछार में गुरुवार को परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से पौधारोपण को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर, प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री एकता कर सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनपद सदस्य, सरपंच, वन प्रबंधन समितियों के पदाधिकारी, स्कूली विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस दौरान ग्राम अर्जुनी (ब) स्थित गौठान में विभिन्न स्थानीय एवं उपयोगी प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने और जलवायु संतुलन बनाए रखने में जनभागीदारी की भूमिका पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने का जनआंदोलन है। उन्होंने नागरिकों से लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का आह्वान करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों, वन प्रबंधन समितियों, विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ब्यूटी पार्लर की छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** सिटी कोतवाली पुलिस ने ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण ले रही 19 वर्षीय युवती से छेड़छाड़ करने और लगातार उसका पीछा कर परेशान करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित



धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र स्थित एक ब्यूटी पार्लर में कोर्स कर रही युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी अय्यूब चौहान 42, निवासी नेहरू चौक, जो पार्लर संचालिका का रिश्तेदार बताकर वहां आता-जाता था, ने 26 जून की रात करीब 10 बजे उसके साथ अशोभनीय हरकत और छेड़छाड़ की। घटना के बाद भी आरोपी लगातार युवती का पीछा कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 74, 75 एवं 78 के तहत विवेचना शुरू की। पुलिस ने पीड़िता का विस्तृत बयान दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश की और घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज परीक्षा कल

**बलौदाबाजार।** प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा स्वजातीय युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज परीक्षा-2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिले में यह परीक्षा 9 अगस्त को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगी। कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने बताया कि परीक्षा का केंद्र पं. ल. तिवारी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबेडकर चौक, बलौदाबाजार निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थियों से परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पहले, यानी सुबह 11 बजे तक केंद्र पर पहुंचने की अपील की गई है।

### नगर में शिवमहापुराण कथा 10 से

**खरोरा।** श्रावन मास पर नगर पंचायत खरोरा के भैरव बाबा चौक में 10 से 17 अगस्त तक शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन महिला समूह एवं नगरवासी कथा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण है तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया



जा रहा है। कथा का वाचन पंडित अरुण नयन तिवारी प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक करेंगे। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, शिवभक्ति तथा सनातन धर्म से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिन 10 अगस्त को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। गाजे बाजे ढोल-नगाड़ों तथा भगवान भोलेनाथ के जयघोषों के साथ निकलने वाली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### हिरमी में लगा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर

**हिरमी रावन।** ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं विभिन्न रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से शासकीय आयुर्वेद औषधालय, रावन द्वारा विकासखंड सिमगा अंतर्गत गायत्री मंदिर परिसर, हिरमी में एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीपी, शुगर, प्रकृति परीक्षण, नेत्र एवं दंत परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रही। सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त, अपचन, खुजली सहित सामान्य एवं मौसमी बीमारियों के अलावा वातरोग, उदररोग, श्वास, चर्मरोग, स्त्रीरोग तथा वृद्धावस्था से संबंधित रोगों का परीक्षण एवं उपचार किया गया।

# बलौदाबाजार पहुंचीं सोलो साइकिल यात्री व पर्वतारोही समीरा खान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

37 से अधिक देशों और देश के दर्जनों राज्यों में सात हजार से अधिक किलोमीटर तक साईकिल से सफर करने वाली पर्वतारोही एवं सोलो साईकिल यात्री समीरा खान शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने कई स्कूलों का भ्रमण कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका सशक्तिरण को बढ़ावा देने एवं छात्राओ को आत्म निर्भर बनाने, लिंगभेद, दहेज और मानसिक व यौन उत्पीड़न जैसी सामाजिक बाधाओं का समाधान करने अपने साहसिक अभियानों और सोलो साइकिल यात्राओं के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का संदेश दिया।

भ्रमण के दौरान विकासखण्ड भाटापारा के डीडब्लू.पी. एस. स्कूल, गुरूकुल स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल रावनभाठा.शासकीय कन्या शाला भाटापारा, मयूर क्लब स्कूल भाटापारा एवं विकासखण्ड बलौदाबाजार में शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल, पं. चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद स्कूल अर्जूनी में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए समीरा खान की प्रेरणादायक अनुभवों को सुना तथा उनसे संवाद किया।

## छात्राओं को दिया आत्मनिर्भरता और बालिका सशक्तीकरण का संदेश



### एचपीवी वैक्सीन लगाने का दिया संदेश

इस अभियान के दौरान 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकारण लगवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें समय पर टीकाकरण कर अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। साथ ही शिक्षा का महत्व, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, नेतृत्व क्षमता तथा अपने सपनों को साकर करने के लिए प्रेरित किया गया तथा जीवन में चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने एवं अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया गया।

**अभियान :** 6वीं से 8वीं तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

# विधिक जागरूकता शिविर में छात्राओं को दी कानून और साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार के तत्वावधान में शुक्रवार को शासकीय पंडित चक्रपाणि शुक्ल बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बलौदाबाजार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार के तत्वावधान में शुक्रवार को शासकीय पंडित चक्रपाणि शुक्ल बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई। न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को न्यायिक सेवा में करियर बनाने के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया।







### पॉक्सो कानून की दी जानकारी

शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित व्यवहार न्यायाधीश पूजा चंद्रा एवं व्यवहार न्यायाधीश श्वेता दिवान ने विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी, उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच अंतर समझाते हुए पॉक्सो अधिनियम एवं जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की महत्वपूर्ण जानकारी दी, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें।

### गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित व्यवहार न्यायाधीश पूजा चंद्रा एवं व्यवहार न्यायाधीश श्वेता दिवान ने विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी, उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच अंतर समझाते हुए पॉक्सो अधिनियम एवं जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की महत्वपूर्ण जानकारी दी, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें।

### न्यायिक सेवा के अवसरों की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई। न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को न्यायिक सेवा में करियर बनाने के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

## धरती आबा अभियान से प्रत्येक ग्रामसभा को मिलेंगे 15 लाख

बिलाईगढ़। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रदेश के 160 ग्रामों का चयन करेगी। निर्धारित प्रपत्र में दस्तावेज के साथ 10 अगस्त 2026 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोसीर रोड सारंगढ़ में जमा किया जाना है। इन ग्रामों में सामुदायिक वन संसाधन (सीएफआर) के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन के लिए सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना सीएफआरएमपी तैयार कर लागू की जाएगी। इस सम्बन्ध में आदिम जाति विभाग द्वारा कलेक्टरों को पत्र जारी किया गया है।

- सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए बनेगी विशेष योजना

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामसभा को सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। योजना के तहत प्रत्येक चयनित ग्रामसभा में सामुदायिक संसाधन प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा, जो ग्रामसभा के वन माध्यम से योजना के क्रियान्वयन और संचालन की जिम्मेदारी निभाएगी। इसके लिए ग्रामसभा के नाम पर राष्ट्रीयकृत बैंक में सिंगल करंट अकाउंट भी खोला गया है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि राज्य सरकार ने जिलों से ऐसे आदिवासी गांवों का चयन क्लस्टर आधारित और परस्पर जुड़े क्षेत्र के आधार पर प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं, ताकि योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

### सहयोगी संस्थाओं की लेंगे सेवा

आयुक्त डी राहुल वेंकट द्वारा राज्य के सभी कलेक्टर को जारी पत्र में कहा गया है कि योजना के प्रभावी संचालन के लिए राज्य सरकार तकनीकी सहयोगी, सिविल सोसायटी संगठनों तथा स्थानीय संस्थाओं की सेवाएं भी ले सकेंगी। इन संस्थाओं की सेवाएं ग्रामसभा के प्रस्ताव एवं विधिवत अनुमोदन के बाद ली जा सकेंगी। ये संस्थाएं ग्रामसभा को सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन योजना तैयार करने, उसके क्रियान्वयन तथा निगरानी में सहयोग देंगी।

## सरहद पर तैनात जवानों के लिए छात्रों ने कलेक्टर को सौंपी स्वनिर्मित राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रव्यापी देशभक्ति अभियान ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र-2026 के अंतर्गत गुरुकुल ई.एम. हाई स्कूल, बलौदाबाजार के छात्र-छात्राओं ने भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपने हाथों से तैयार की गई राखियां जिला कलेक्टर को ससम्मान भेंट कीं। यह पहल देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के प्रति सम्मान, स्नेह और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई।विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न आकर्षक एवं पर्यावरण अनुकूल राखियां तैयार कीं। इसके बाद विद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर इन राखियों को उन्हें सौंपा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के इस भावनात्मक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान बच्चों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र-2026 का उद्देश्य रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश की सुरक्षा में जुटे वीर जवानों तक बहनों के स्नेह और समाज की शुभकामनाएं पहुंचाना है। विद्यार्थियों ने भी कहा कि वे अपने सैनिक भाइयों के सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने की कामना करते हैं और उनके त्याग एवं बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से राखियां तैयार की हैं।



## बस स्टैंड के गड्ढे में फंस रहे वाहन...



**गोपालपुर|** नेशनल हाइवे रोड 130 बी गोपालपुर के बस स्टैंड के पास बड़े गड्ढे हो चुके हैं। उसमें पत्थर के पाउडर को डालें थे, जिसके कारण से चार पहिया एवं दो पहिया वाहन फंस रहे हैं, वाहनें मुश्किल से निकल पा रही है। आवागमन करने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है| ज्ञात हो कि बस स्टैंड गोपालपुर में उक्त जगह पर खतरनाक गड्ढे हो गए थे और उसमें लबालब पानी भरा हुआ था। उसी जगह यात्री बस का इंतजार करते हुए खड़े रहते हैं और उसी पर गंदे पानी छीटकते हैं और राहगीर गंदे हो जाते हैं|

## खम्हरिया में चार से अधिक ठिकानों में बिक रही अवैध शराब

**अर्जुनी।** भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में अवैध शराब बिक्री का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में 4 से अधिक स्थानों से खुलेआम अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। आरोप है कि लंबे समय से यह कारोबार जारी रहने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से शराब कोचियों के हौसले बुलंद हैं और वे पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए बेखौफ तरीके से शराब बेच रहे हैं।

- कार्रवाई के अभाव में कोचियों के हौसले बुलंद

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बढ़ती अवैध शराब बिक्री से तनाव का माहौल बन गया है। शराब के सेवन से आए दिन विवाद, गाली-गलौज और मारपीट जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सबसे अधिक चिंता इस बात की है कि इस माहौल का प्रतिकूल प्रभाव बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।बताया जा रहा है कि गांव के कुछ शासकीय स्थलों पर भी शराबियों का जमावड़ा लगने लगा है। शाम होते ही इन स्थानों पर असामाजिक तत्वों की भीड़ लग जाती है, जिससे आम नागरिकों, महिलाओं और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गांव की इस गंभीर समस्या को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध शराब बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में अपराध और सामाजिक अव्यवस्था बढ़ सकती है।

ग्रामीणों ने भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस एवं जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गांव में संचालित सभी अवैध शराब ठिकानों पर तत्काल छापेमार कार्रवाई कर शराब कोचियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव का माहौल सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाया जा सके।

**भगवान शिव की महिमा, भक्ति और सनातन संस्कृति का दिया संदेश**

# शिव महापुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में श्रावण मास पर आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की आस्था निरंतर बढ़ती जा रही है। कथा के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचे। हालात ऐसे रहे कि पंडाल पूरी तरह भर गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को बाहर बैठकर कथा श्रवण करना पड़ा। प्रख्यात कथावाचक पं. युवराज पांडे ने प्रवचन में भगवान शिव की महिमा, भक्ति और सनातन संस्कृति का संदेश दिया। शिव कथा का रसपान करने के लिए आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज के जिलों और अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु शिवरीनारायण पहुंच रहे हैं।आयोजन समिति के अनुसार कथा के आगामी दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना से देखते हुए बैठने, पेयजल, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि पंडित युवराज पांडे की सरल, मधुर और प्रेरणादायी कथा उन्हें भगवान शिव की भक्ति से जोड़ रही है। सावन माह में आयोजित यह शिव महापुराण कथा धार्मिक नगरी शिवरीनारायण को पूर्णतः भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर रही है।







